भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2879**
उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2023 (सोमवार)
16 श्रावण, 1945 (शक)

**प्रश्न**

**नॉर्थ ईस्ट वेंचर फंड**

**2879. श्री प्रद्युत बोरदोलोई:**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नॉर्थ ईस्ट वेंचर फंड (एनईवीएफ) द्वारा अपनी शुरुआत से अब तक स्टार्ट-अपों में निवेश की गई राशि, स्टार्ट-अप के मूल्यांकन, स्थान, क्षेत्र आदि के संदर्भ में निवेश किए गए स्टार्ट-अप का ब्यौरा क्या है;

(ख) कुशल और अकुशल श्रमिकों तथा महिला भागीदारी के ब्यौरे सहित ऐसे स्टार्ट-अप के माध्यम से सृजित रोजगार और विशिष्ट व्यावसायिक अवसरों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा एनईवीएफ के माध्यम से निधियों के चयन और संवितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार एनईवीएफ में योगदान करने के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करने के संबंध में कोई पहल कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सीमांत और जनजातीय समुदायों के बीच उद्यमिता के अवसरों को बढ़ाने, महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने और दूरस्थ क्षेत्रों में स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए सरकार की क्या कार्यनीतियां हैं और क्या पहल की गई हैं?

**उत्तर**

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) पूर्वोत्तर उद्यम निधि (एनईवीएफ) द्वारा अपनी स्थापना से लेकर अब तक निवेश की गई राशि, स्थान और सैक्टर के संदर्भ में स्टार्टअप्स में किए गए निवेश का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

किसी स्टार्ट-अप का मूल्यांकन अन्य निवेशकों से जुटाए गए धन के बाद के दौर के आधार पर भविष्य की तारीख (आस्थगित मूल्यांकन विधि) से जुड़ा होता है। निवेशकों की राय, बाजार की स्थिति और कंपनी के विकास के आधार पर विभिन्न फंडिंग राउंड में मूल्यांकन बदल सकता है।

(ख) एनईवीएफ द्वारा समर्थित स्टार्टअप्स ने इस क्षेत्र में उपलब्ध विशिष्ट व्यावसायिक अवसरों की पहचान की है और अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को मूल्य वर्धित समाधान प्रदान किए हैं। कुशल और अकुशल श्रमिकों और महिला भागीदारी के ब्यौरे सहित इन स्टार्ट-अप के माध्यम से सृजित रोजगार का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

(ग) एनईवीएफ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) विनियम, 2012 के अंतर्गत श्रेणी-I उद्यम पूंजी निधि के रूप में पंजीकृत है। इसके अलावा, उद्यम वित्त पोषण, निजी इक्विटी, विकासात्मक बैंकिंग आदि के क्षेत्र के अनुभवी पेशेवरों वाली एक स्वतंत्र समिति (निवेश समिति) निवेश का निर्णय लेती है। एक विनियामक आवश्यकता के रूप में विनियमन के प्रचालन/अनुपालन पर आवधिक रिपोर्टिंग एनईवीएफ और अन्य संबंधित निकायों के योगदानकर्ताओं के समक्ष संरचित तरीके से रखी जाती है। इसके अतिरिक्त, आवधिक लेखापरीक्षा के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा भी निधि प्रचालन की मॉनीटरिंग की जाती है।

(घ) एनईवीएफ की स्थापना 100 करोड़ रुपए की लक्षित निधि के साथ एक क्लोज एंडेड फंड के रूप में की गई थी। इसे पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड (नेडफी) से 30 करोड़ रुपये, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) से 25 करोड़ रुपये और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से 45 करोड़ रुपये के योगदान के साथ अपना लक्षित कोष पहले ही प्राप्त हो चुका है। तथापि, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय का अंशदान नेडफी को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में दिया गया था जिसे 15 वर्षों के अंत में एकमुश्त चुकाया जाना है।

(ङ) वंचित वर्गों के बीच उद्यमिता के अवसरों को बढ़ाने के लिए नेडफी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में अपना शाखा नेटवर्क स्थापित किया है जो अपनी व्यवसाय बैठकों के माध्यम से अपने स्टार्टअप्स तक पहुंचता है, जिसमें उद्यम निधियों के ब्यौरे बताए जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप एनईवीएफ अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय के स्टार्टअप्स तक पहुंचकर उनका वित्त पोषण कर रहा है। नागालैंड और मिजोरम राज्यों से भी प्रस्तावों की पाइपलाइन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में है। इनमें से कई स्टार्टअप का नेतृत्व महिला सह-संस्थापकों द्वारा किया जा रहा है। स्टार्टअप्स की सहायता करने के लिए एनईवीएफ ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचने के अपने प्रयास के संवर्धन के लिए मार्च, 2022 में निवेश हेतु एक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, स्टार्टअप इन्वेस्टमेंट फेस्ट का आयोजन किया था। फेस्ट में एनईआर के दूर-दराज के क्षेत्रों से बहुत उत्साह देखा गया।

*****

**अनुबंध-I**

**स्थापना के बाद से पूर्वोत्तर उद्यम निधि (एनईवीएफ) द्वारा स्टार्टअप में निवेश**

**(लाख रु. में)**

| क्र. सं. | स्टार्टअप का नाम | निवेश राशि | स्थान | सैक्टर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फारईस्ट टूरिज्म डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड | 90.00 | अरुणाचल प्रदेश | पर्यटन |
| 2 | पीडब्ल्यूएलओ एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड | 50.00 | अरुणाचल प्रदेश | पर्यटन |
| 3 | ईआरसी आई केयर प्राइवेट लिमिटेड | 300.00 | असम | हैल्थकेयर |
| 4 | ऑटोमोविल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | 380.00 | असम | मोबिलिटी |
| 5 | टेरा ब्लू एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | 200.00 | असम | हैल्थकेयर |
| 6 | पार्किंग राइनो ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | 365.00 | असम | मोबिलिटी |
| 7 | प्रत्यक्ष एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड | 400.00 | असम | बायोटेक |
| 8 | नॉर्थईस्ट फ्लेवर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 172.50 | असम | खाद्य प्रसंस्करण |
| 9 | सिम्बायोटिक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | 250.00 | असम | कृषि एवं संबद्ध |
| 10 | इजाके डिजाइन एंड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड | 25.00 | असम | हथकरघा और हस्तशिल्प |
| 11 | अटवी इन्फोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड | 300.00 | असम | मीडिया एवं मनोरंजन |
| 12 | ओलैटस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड | 35.00 | असम | इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स |
| 13 | इनविक्टो सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | 450.00 | असम | सॉफ्टवेयर एज़ ए सर्विस |
| 14 | ओएसके फूड एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड | 50.00 | असम | खानपान |
| 15 | इताश डिलीवरी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | 500.00 | असम | लॉजिस्टिक्स |
| 16 | जेरुंड मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड | 260.00 | असम | निर्माण |
| 17 | क्राफ्टइन होम डेकोर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 50.00 | असम | हथकरघा और हस्तशिल्प |
| 18 | माई3डीसेल्फी प्राइवेट लिमिटेड | 400.00 | असम | सॉफ्टवेयर एज़ ए सर्विस |
| 19 | रुलोई टी ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड | 112.00 | असम | खानपान |
| 20 | एनकैंप टूरिज्म प्राइवेट लिमिटेड | 100.00 | असम | पर्यटन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | एक्वा ब्लू ग्लोबल एक्वाकल्चर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | 50.00 | असम | कृषि एवं संबद्ध |
| 22 | क्यूडब्ल्यूकेप्रो कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड | 30.00 | असम | हैल्थकेयर |
| 23 | ब्राइट क्रॉप एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | 50.00 | असम | कृषि एवं संबद्ध |
| 24 | अवगार्डे सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड | 100.00 | असम | इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स |
| 25 | रिस्पिरिट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड | 25.00 | असम | हैल्थकेयर |
| 26 | बिनबैग एनवायरनमेंटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | 75.00 | असम | वेस्ट मैनेजमेंट |
| 27 | थांगवुंग प्रिविलेज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | 25.00 | मणिपुर | लॉयेल्टी मार्केटिंग |
| 28 | टैरेट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | 65.00 | मणिपुर | खाद्य प्रसंस्करण |
| 29 | हिल्स लैंड एड टेक प्राइवेट लिमिटेड | 50.00 | मणिपुर | शिक्षा |
| 30 | टूसिस गार्डन प्राइवेट लिमिटेड | 45.00 | मणिपुर | खाद्य प्रसंस्करण |
| 31 | तांथा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड | 150.00 | मणिपुर | मीडिया एवं मनोरंजन |
| 32 | ग्रीन बायोटेक इकोसोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड | 300.00 | मणिपुर | बायोटेक |
| 33 | एरी वीव प्राइवेट लिमिटेड | 35.00 | मेघालय | हथकरघा और हस्तशिल्प |
| 34 | शिलांग बैम्बू प्राइवेट लिमिटेड | 45.00 | मेघालय | बांस |
| 35 | रूरलनॉमिक्स प्राइवेट लिमिटेड | 25.00 | मेघालय | ई-कॉमर्स |
| 36 | टॉपव्यू इन्फोलैब्स (पी) लिमिटेड | 100.00 | सिक्किम | पर्यटन |
| 37 | आहरण एडुस्मार्ट प्राइवेट लिमिटेड | 25.00 | त्रिपुरा | शिक्षा |
| | **कुल** | 5684.50 | | |

**अनुबंध-II**

**एनईवीएफ समर्थित स्टार्ट-अप के माध्यम से सृजित रोजगार की संख्या (कुशल और अकुशल श्रमिकों और महिला भागीदारी के विवरण सहित)**

| वित्त वर्ष | राज्य | पुरुष | महिला | कुल | कुशल | अकुशल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017-18 | असम | 135 | 120 | 255 | 109 | 146 |
| | उप-योग | 135 | 120 | 255 | 109 | 146 |
| | | | | | | |
| 2018-19 | असम | 1307 | 374 | 1681 | 92 | 1589 |
| | उप-योग | 1307 | 374 | 1681 | 92 | 1589 |
| | | | | | | |
| 2019-20 | अरुणाचल प्रदेश | 15 | 7 | 22 | 6 | 16 |
| | असम | 84 | 29 | 113 | 63 | 50 |
| | मणिपुर | 24 | 8 | 32 | 31 | 1 |
| | उप-योग | 123 | 44 | 167 | 100 | 67 |
| | | | | | | |
| 2020-21 | अरुणाचल प्रदेश | 62 | 7 | 69 | 6 | 63 |
| | असम | 827 | 93 | 920 | 87 | 833 |
| | मणिपुर | 232 | 43 | 275 | 35 | 240 |
| | मिजोरम | 125 | 13 | 138 | 11 | 127 |
| | सिक्किम | 62 | 7 | 69 | 6 | 63 |
| | त्रिपुरा | 10 | 4 | 14 | 4 | 10 |
| | उप-योग | 1318 | 167 | 1485 | 149 | 1336 |
| | | | | | | |
| 2021-22 | असम | 237 | 53 | 290 | 77 | 213 |
| | मणिपुर | 26 | 6 | 32 | 16 | 16 |
| | उप-योग | 263 | 59 | 322 | 93 | 229 |
| | | | | | | |
| 2022-23 | असम | 679 | 101 | 780 | 99 | 681 |
| | मेघालय | 29 | 11 | 40 | 32 | 8 |
| | मणिपुर | 12 | 10 | 22 | 17 | 5 |
| | सिक्किम | 21 | 14 | 35 | 22 | 13 |
| | उप-योग | 741 | 136 | 877 | 170 | 707 |
| | | | | | | |
| 2023-24 | असम | 11 | 4 | 15 | 13 | 2 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अरुणाचल प्रदेश | 8 | 2 | 10 | 10 | 0 |
| | उप-योग | 19 | 6 | 25 | 23 | 2 |
| | **कुल** | 3906 | 906 | 4812 | 736 | 4076 |

*****